# कार्यवृत्त

## 23वीं वित्त समिति

दिनांकः 11 फरवरी, 2023,

समय : प्रातः 11.00 बजे

स्थानः कार्यालय मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून

दून विश्वविद्यालय,
मोथरोवाला रोड, केदारपुर
देहरादून–248012
Email: fc@doonuniversity.ac.in, Website: www.doonuniversity.ac.in

दून विश्वविद्यालय, मोथरोवाला रोड,
केदारपुर देहरादून–248012

## दून विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 23वीं बैठक का कार्यवृत्त

23वीं वित्त समिति की बैठक प्रो० सुरेखा डंगवाल, मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 11 फरवरी, 2023 को उनके कार्यालय कक्ष में ऑनलाईन बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० एस०पी० सिंह | मा० कुलपति (से०नि०), सदस्य कार्यकारी परिषद, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। |
| 2. | श्री हरी सिंह बिष्ट | अनुसचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। |
| 3. | श्री प्रशांत आर्या | अपर सचिव,उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।**(ऑनलाईन)** |
| 4. | प्रो०आर०पी०मंमगाई | विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, दून विश्वविद्यालय, देहरादून।**(ऑनलाईन)** |
| 5. | डा० मंगल सिंह मन्द्रवाल | कुलसचिव, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(आमंत्रित)** |
| 6. | श्री हर सिंह बोनाल | वित्त नियंत्रक, दून विश्वविद्यालय, देहरादून। **(सचिव)** |

मा० कुलपति, दून विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया एंव वित्त समिति के सदस्यों द्वारा अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु उनका धन्यवाद किया।

**मद सं०: 2023:23:02** — **दून विश्वविद्यालय, देहरादून में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को आयोजित 22वीं वित्त समिति बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

इस सम्बन्ध में मा० वित्त समिति के सदस्यों से कोई टिप्पणी एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

**मद सं०: 2023:23:03** — **वित्त समिति की 22वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही पर समीक्षा।**

वित्त समिति के सदस्यों द्वारा वित्त समिति की 22वीं बैठक के बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

**मद सं०: 2023:23:04** — **दून विश्वविद्यालय हेतु सृजित 132 पदों के सापेक्ष 51 विभिन्न शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर पदों की निरन्तरता के सम्बन्ध में अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा शासनादेश संख्या 27/XXIV-C-1/2023-58/2012 टी०सी० उच्च शिक्षा अनुभाग–01 दिनांक 16 जनवरी, 2023 में अंकित 132 पदों के सापेक्ष रिक्त 81 पदों पर कार्यरत शैक्षिक/

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मानदेय भुगतान सम्बन्धी पत्र का अवलोकन किया गया। चूंकि यह प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। अतः शासन स्तर से उपरोक्त सम्बन्ध में आदेश निर्गत होने के उपरान्त कर्मचारियों को मानदेय भुगतान किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश वित्त समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये।

**मद सं० : 2023:23:05** **हॉस्टल, अतिथि गृह एवं अन्य मरम्मत कार्यो के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं दून विश्वविद्यालय द्वारा अपनी संचित निधि से रू0 52.99 लाख की धनराशि उक्त कार्यो को कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

**मद सं० : 2023:23:06** **दून विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन एम०बी०ए० भवन हेतु फर्नीचर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं दून विश्वविद्यालय द्वारा अपनी संचित निधि से एम०बी०ए० भवन में छात्र/छात्राओं हेतु रू0 30.00 लाख कक्ष फर्नीचर क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

**मद सं० : 2023:23:07** **वित्तीय वर्ष 2022–23 में दून विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से एल्युमिनि शुल्क लिये जाने के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया गया एवं छात्र/छात्राओं को एल्युमिनि सदस्यता हेतु एल्युमिनि शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय छोड़ने के उपरान्त उनको भुगतान की जाने वाली कॉशन मनी ₹ 5,000/– में से ₹ 500/– प्रति छात्र कटौती कर लिये जाने की सहमति दी गयी है।

**मद सं० : 2023:23:08** **अन्य मद मा० अध्यक्ष महोदया की अनुमति से।**

**प्रयोगशाला भवन के ऊपर बॉयलोजिकल सांइसेज की प्रयोगशाला के लिए एक अतिरिक्त फ्लोर निर्माण के सम्बन्ध में:–**

वित्त समिति द्वारा दून विश्वविद्यालय के कम्पोजिट लैबोरिट्री भवन के ऊपर स्कूल ऑफ बॉयलोजिकल सांइसेज की प्रयोगशालाओं हेतु एक अतिरिक्त फ्लोर निर्माण के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

वित्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचारोपरान्त उक्त पर सहमति व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त फ्लोर के निर्माण पर होने वाले व्यय का वहन विश्वविद्यालय द्वारा अपने संसाधनों से अर्जित आय से की जायेगी।

**Doon University, Dehradun**

**23rd Meeting of Finance Committee of the University**

## Attendance Sheet

**Dated- 11th February 2023**

***Venue: Office of the Vice Chancellor*** ***Time: 11:00Noon***

| Name | Designation and Organization | Signature |
|---|---|---|
| Prof. Surekha Dangwal | Vice Chancellor and Chairman Executive Council, Doon University | |
| Principal Secretary/ Secretary/Representative | Higher Education Govt. of Uttarakhand | Online |
| Principal Secretary/ Secretary/Representative | Dept of Finance Govt. of Uttarakhand | [signature] |
| Prof. S. P. Singh | Former Vice Chancellor, HNB Garhwal University, Srinagar | [signature] |
| Prof. R. P. Mamgain | Professor, Dept. of Economics, Doon University | Online |
| Dr. M. S. Mandrawal | Registrar (Invitee) | [signature] |
| Mr. Har Singh Baunal | Finance Controller and Secretary, Finance Committee | [signature] |